त्र का नाम: न0 नवभारत टाइम्स, लखनऊ

220 प्रशिक्षणार्थियों को दिए कौशल प्रमाणपत्र

■ एनबीटी, लखनऊ : हाल में इंडिया लिटरेसी बोर्ड के जन शिक्षण संस्थान लखनऊ के सहयोग से यूपीएसआरटीसी और यूपीपीसीएल में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में डालीबाग स्थित गन्ना संस्थान सभागार में रविवार को यूपीपीसीएल के 100 और यूपीएसआरटीसी के 120 प्रशिक्षणार्थियों को कौशल प्रमाणपत्र और टूल किट वितरित किए गए। इस मौके पर चीनी एवं गन्ना व आबकारी अपर मुख्य सचिव संजय आर.

भूसरेड्डी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वहीं पावर कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष एम. देवराज ने लाभार्थियों को प्रमाणपत्र और टूल किट वितरित किए। इस मौके पर इंडिया लिटरेसी बोर्ड की निदेशक संध्या तिवारी, सलाहकार प्रवीन टंडन, अनुप कुमार श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी सुधाकर मान सिंह भी शामिल रहे।